www.tamsasanket.com

वर्षः 06 || अंक 19 || लखनऊ

रविवार

19 अप्रैल 2026 || पृष्ठः 04 || मूल्यः ₹ 2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


मौसम
सूर्योदयः 05:39
सूर्यास्तः 06:32
अधिकतमः 42°00
न्यूनतमः 26°00



» पेज 03

विशेष समाचार | दोहरा तेल संकट और कमजोर... » पेज 02 | यूपी में सीजन का सबसे गर्म दिन... » पेज 04 | विराट कोहली के लाइक पर जर्मन मॉडल ने तोड़ी...

"तुर्किये के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने इजराइल पर सुरक्षा के नाम पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। अंटाल्या डिप्लोमेसी फोरम में उन्होंने कहा कि इजराइल अपनी सुरक्षा नहीं, बल्कि ज्यादा जमीन हासिल करना चाहता है। उनके मुताबिक, नेतन्याहू सरकार सुरक्षा को केवल बहाने के तौर पर इस्तेमाल कर रही है। इधर, इजराइल और लेबनान के बीच सीजफायर होने के बावजूद इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने साफ किया है कि उनकी सेना दक्षिणी लेबनान में कब्जे वाले सभी स्थानों पर बनी रहेगी।"




# होर्मुज से गुजर रहे भारतीय जहाजों पर फायरिंग

## ईरानी गनबोट्स ने चेतावनी भी नहीं दी, जहाज स्ट्रेट पार किए बिना लौटे

तमसा संकेत, एजेंसी

वॉशिंगटन। होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहे दो भारतीय व्यापारी जहाजों पर शनिवार दोपहर गोलीबारी हुई। इसमें एक तेल जहाज भी था। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड की दो गनबोट्स टैंकर्स के पास आईं और बिना रेडियो चेतावनी फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों भारतीय जहाज होर्मुज पार किए बिना लौट गए। जहाज और उसके क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। एक भारतीय जहाज लगभग 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था। घटना के बाद भारत के विदेश मंत्रालय (MEA) ने शनिवार को भारत में तैनात ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फथअली को तलब किया। भारत ने फायरिंग पर विरोध दर्ज किया है। ईरान ने आज होर्मुज को बंद करने का ऐलान किया था। ईरान का आरोप था कि अमेरिका सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है इसलिए 24 घंटे के भीतर उसने फैसला बदल लिया। दोबारा बातचीतः अमेरिका और ईरान की टीमें सोमवार को फिर से पाकिस्तान में बातचीत कर सकती हैं।




दोनों पक्षों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। होर्मुज स्ट्रेट बंदः ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया। आरोप लगाया कि अमेरिका सीजफायर समझौते का ठीक से पालन नहीं कर रहा।

» (शेष पेज 04 पर)

### भारतीय तेल टैंकर पर ईरानी नौसेना की फायरिंग

ओमान के पास होर्मुज स्ट्रेट के करीब एक भारतीय तेल टैंकर पर ईरानी नौसेना द्वारा फायरिंग की घटना सामने आई है। 'जग अर्णव' नाम का यह जहाज करीब 20 लाख बैरल इराकी तेल लेकर जा रहा था। इस मामले में दो भारतीय जहाज—'जग अर्णव' और 'सन्मार हेराल्ड'—शामिल थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'जग अर्णव' पर फायरिंग की गई, जबकि दूसरा जहाज सुरक्षित रहा। इससे पहले खबर आई थी कि दो भारतीय जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट से वापस लौटना पड़ा था। इसी बीच यह घटना हुई। भारतीय नौसेना मामले की जानकारी जुटा रही है। हालांकि, फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट में कोई भारतीय युद्धपोत तैनात नहीं है, लेकिन ओमान की खाड़ी में भारतीय युद्धपोत मौजूद हैं। अधिकारियों के अनुसार, भारत ने इस घटना को गंभीरता से लिया है। भारत इस मार्ग पर निर्भर प्रमुख देशों में शामिल है, ऐसे में यहां बढ़ता तनाव उसकी ऊर्जा आपूर्ति पर असर डाल सकता है।

### होर्मुज में दूसरा हमला, कंटेनर जहाज को नुकसान

होर्मुज स्ट्रेट में कुछ ही घंटों के अंदर दूसरा हमला हुआ है। इससे पहले ईरानी गनबोट ने एक टैंकर पर फायरिंग की थी, अब UK मैरिटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (UKMTO) ने नए हमले की जानकारी दी है। UKMTO के मुताबिक, ओमान के तट से करीब 46 किमी दूर एक कंटेनर जहाज पर किसी अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे उसके कुछ कंटेनरों को नुकसान पहुंचा।




### पिछले 24 घंटे के 5 बड़े अपडेट्स...

- *दोबारा बातचीतः अमेरिका और ईरान की टीमें सोमवार को फिर से पाकिस्तान में बातचीत कर सकती हैं। दोनों पक्षों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।*
- *होर्मुज स्ट्रेट बंदः ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया। आरोप लगाया कि अमेरिका सीजफायर समझौते का ठीक से पालन नहीं कर रहा।*
- *अमेरिका ने रिजर्व से 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालाः अमेरिका ने अपने इमरजेंसी ऑयल स्टोरेज से करीब 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालकर 9 कंपनियों को दिया है।*
- *अमेरिकी नाकेबंदी जारीः ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ समझौते में कोई अड़चन नहीं बची है, हालांकि डील पूरी होने तक नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी।*

# राहुल पर एफआईआर का अपना आदेश हाईकोर्ट जज ने बदला

## बिना नोटिस केस दर्ज करना सही नहीं माना, याचिकाकर्ता बोला- सीजेआई से शिकायत करेंगे

आदेश

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सांसद राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का अपना ही आदेश बदल दिया है। मामला दोहरी नागरिकता से जुड़ा है। कोर्ट ने शनिवार को अपनी वेबसाइट पर नया आदेश जारी किया। कोर्ट ने बताया कि शुक्रवार (17 अप्रैल) को सुनवाई हुई थी। इसमें याचिकाकर्ता समेत केंद्र और राज्य सरकार के वकीलों से पूछा गया था कि क्या राहुल गांधी को नोटिस जारी करने की जरूरत है? वकीलों ने नोटिस जारी करने की कोई जरूरत नहीं बताई थी। इसके बाद FIR दर्ज करने का आदेश पारित कर दिया गया था। हालांकि, आदेश टाइप होने से पहले न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने फिर से फैसले को परखा। उन्होंने पुराने केसों की स्टडी में पाया कि ऐसे मामलों में नोटिस भेजना जरूरी है। कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को नोटिस जारी किए बिना फैसला करना उचित नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 अप्रैल की तारीख तय की है। यह याचिका कर्नाटक में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने दायर की थी।

» (शेष पेज 04 पर)

# एआई से डरने की जरूरत नहीं, संतुलन जरूरी : सूर्यकांत

## टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत ने कहा कि न्यायपालिका में AI का इस्तेमाल जरूरी है, लेकिन इससे डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी सिर्फ मददगार हो सकती है, जज की जगह नहीं ले सकती। यह बात उन्होंने शनिवार को बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि AI का इस्तेमाल करते समय संतुलन जरूरी है। इससे काम तेज और आसान हो सकता है, लेकिन फैसला हमेशा इंसानी सोच, अनुभव और संवैधानिक समझ से ही होना चाहिए। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि वे AI से प्रभावित न हों और अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखें। यह बयान उन्होंने 'रीइमैजिनिंग द ज्यूडिशियरी इन द एरा ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' विषय पर कर्नाटक स्टेट ज्यूडिशियल ऑफिसर्स एसोसिएशन के सम्मेलन में दिया। इस मौके पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज भी मौजूद थे। CJI ने कहा कि जैसे जज जटिल मामलों में ज्यादा समय, सोच और धैर्य लगाते हैं, वैसे ही AI टूल्स का इस्तेमाल भी समझदारी से करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सही तरीके से उपयोग करने पर ये टूल्स मदद करेंगे, लेकिन जज का स्वतंत्र निर्णय सबसे जरूरी रहेगा।

» (शेष पेज 04 पर)

## फास्ट न्यूज़

### राहुल के घर तक महिला सांसदों का मार्च, पुतला जलाया

नई दिल्ली। लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक पारित न होने को लेकर एनडीए नेता देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। दिल्ली की CM रेखा गुप्ता ने महिला सांसदों के साथ राहुल गांधी के घर की ओर मार्च किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल का पुतला जलाया। पुलिस ने भीड़ हटाने के लिए वाटर कैनन चलाई। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज और कमलजीत सहरावत को हिरासत में लिया गया।

### तमिलनाडु में ट्रैवलर सड़क से उतरी, 9 की मौत

वलपरई। तमिलनाडु के वलपरई में शुक्रवार को सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसा तब हुआ, जब टेम्पो ट्रैवलर अनियंत्रित होकर हेयरपिन मोड़ से फिसलकर खाई में गिर गया। पुलिस के मुताबिक, गाड़ी केरलम के पेरिंथल-मन्ना से आए 13 पर्यटकों को लेकर वलपरई से लौट रहा था।

13वें हेयरपिन मोड़ पर संतुलन बिगड़ा और वाहन फिसलकर 9वें हेयरपिन मोड़ तक गिर गया हादसे में 1 पुरुष और 8 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को रेस्क्यू कर एंबुलेंस से पोलाची के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कुल्लू में गाड़ी पर गिरीं बड़ी-बड़ी चट्टानें

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिला के मणिकर्ण में आज सुबह लैंडस्लाइड हो गया। इसका मलबा और चट्टानें सड़क से गुजर रही गाड़ी पर गिरीं, जिससे गाड़ी चकनाचूर हो गई। गनीमत यह रही कि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। लैंडस्लाइड की यह घटना बरशैणी घट्टीगढ़ पॉइंट की है। बताया जा रहा है कि पहाड़ी से पहले थोड़ा मलबा गिरा। इसके बाद ड्राइवर गाड़ी से बाहर भागा। देखते ही देखते बड़ी-बड़ी चट्टानें भी गाड़ी पर गिर गईं।

# केंद्रीय कर्मियों/पेंशनरों को नहीं मिलेगा 18 महीने का डीए/डीआर

## सरकार ने तब बचा लिए थे 34 हजार करोड़ रुपये

तमसा संकेत, एजेंसी

केंद्र सरकार ने शनिवार को अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के डीए/डीआर में दो फीसदी की वृद्धि कर दी है। अब डीए/डीआर की दर 58 से 60 पर पहुंच गई है। इसके साथ ही अब यह भी तय हो गया है कि केंद्रीय कर्मचारियों को 18 माह के डीए/डीआर का बकाया '34 हजार करोड़' रुपये नहीं मिलेंगे। सरकार ने कोरोनाकाल में इस राशि को रोक लिया था। कैबिनेट की मीटिंग के बाद जब केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने डीए/डीआर की घोषणा की तो उनके एजेंडे में 18 माह के डीए/डीआर के बकाया का कोई जिक्र नहीं था। बता दें कि विभिन्न कर्मचारी संगठन लंबे समय से इस मांग को केंद्र सरकार के समक्ष



उठा रहे थे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने संसद में पूछे गए सवालों के जवाब में कहा था कि वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी के विपरीत वित्तीय प्रभाव तथा सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी उपायों के वित्तपोषण का वित्त वर्ष 2020-21 के बाद राजकोषीय प्रभाव पड़ा था।

» (शेष पेज 04 पर)

### अब तो अर्थव्यवस्था पटरी पर है

कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के अध्यक्ष एसबी यादव का कहना है, डीए/डीआर की बकाया राशि के भुगतान के लिए कई बार सरकार को पत्र लिखा गया है। कोरोनाकाल के दौरान आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी तो डीए/डीआर में कटौती कर दी गई।

अब अर्थव्यवस्था पटरी पर है तो सरकार को 18 माह के डीए/डीआर का एरियर देना चाहिए। नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत के अध्यक्ष मंजीत सिंह पटेल भी कह चुके हैं।

# ममता दीदी सिंहासन खाली करो : योगी

## बीजेपी आएगी तो बंगाल में लव जिहाद बंद होगा, 'बुलडोजर बाबा जिंदाबाद' के नारे लगे

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस समय पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मैदान में उतर कर गरज रहे हैं। इस दौरान उन्होंने गोमाता और हिंदुओं का लेकर बड़ा नारा दिया है। सीएम योगी ने शनिवार को चुनावी मैदान में उतर कर बंगाल के वोटरों से भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवारों को जीत दिलाने की अपील की। सीएम योगी इस दौरान 'गोमाता को कटने नहीं देंगे, हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे' वाला नारा देते दिखे। सीएम योगी ने यूपी में बुलडोजर एक्शन का जिक्र भी चुनावी प्रचार अभियान के दौरान किया। सीएम योगी हिंदुओं के न बंटने की बात पहले भी नारों में कर चुके हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले शुरुआत के दौरान सीएम योगी ने 'बंटोगे तो कटोगे' वाला नारा दिया था। अब बंगाल चुनाव में



वे एक अलग नारा देते दिख रहे हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल के चुनावी मैदान में उतर कर टीएमसी की ममता बनर्जी सरकार को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने बंगाल में जोरदार चुनावी सभाओं में कहा कि बंगाल के पास अंतिम मौका है। बंगाल के लोगों को अपना बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होना होगा। इस दौरान सीएम योगी ने नारा दिया, 'गौ-माता को काटने नहीं देंगे, हिंदुओं को बंटने नहीं देंगे'। सीएम योगी ने कहा कि हमें हर मां का सपना साकार करना है। बंगाल की धरती को खुशियों से भरना है।

> "सीएम योगी ने कहा कि बंगाल की धरती मां काली, मां दुर्गा और वंदे मातरम की धरती रहेगी। मैं बीजेपी की डबल इंजन सरकार लाने की अपील करने आया हूं। उन्होंने कहा कि ये टीएमसी के गुंडे और उनके सिपाहसालार जो धमकी दे रहे हैं, 4 मई के बाद ये लोग आपके सामने नाक रगड़ते, घुटने टेक करते भीख मांगते दिखेंगे। बंगाल को भयमुक्त भाजपा करेगी।

### माफियाओं पर बुलडोजर एक्शन

सीएम योगी ने कार्यक्रमों में कहा कि बंगाल में टीएमसी के गुंडे मोदी जी के भेजे गए पैसे को हजम कर जाते हैं। लैंड माफिया, सैंड माफिया आपके हक में डकैती डाल रहे हैं। माफिया का उपचार भी बीजेपी के पास है। उन्होंने यूपी मॉडल का जिक्र करते हुए कि कि यूपी में बुलडोजर केवल सड़क नहीं बनाता है, यह माफिया, गुंडे और बवालियों की हड्डी-पसली भी एक करता है। सड़क निर्माण के साथ-साथ इसका उपयोग इस कार्य में भी हम ला रहे हैं।

» (शेष पेज 04 पर)

# डीएमके के काले कारनामे सबके सामने आए, ममता बोलीं- बीजेपी का पतन शुरू

# विपक्ष ने महिला आरक्षण पर नफरत की राजनीति की : मोदी

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयम्बटूर में कहा- मैंने पर्सनली सभी पॉलिटिकल पार्टियों से महिला आरक्षण बिल का सपोर्ट करने की अपील की थी। मैंने उनसे कहा था कि वे क्रेडिट ले सकते हैं, मुझे कोई एतराज नहीं है। मोदी ने कहा- DMK और कांग्रेस ने महिला आरक्षण जैसी अच्छी पहल को नफरत भरी और छोटी राजनीति की वजह से पटरी से उतार दिया। उन्होंने DMK पर तंज कसते हुए कहा कि आपके काले कारनामे जनता जान चुकी है। काले कपड़े पहनकर गलत इरादों को नहीं छिपाया जा सकता। असम CM हिमंत



बिस्वा सरमा ने कलिम्पोंग की रैली में आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने वोटों के लिए बंगाल की जमीन बांग्लादेशी मुसलमानों को बेच दी है। जब से ममता CM बनी हैं, उन्होंने पूरे बंगाल को बर्बाद कर दिया है।

» (शेष पेज 04 पर)

### चुनाव से जुड़े 5 अपडेट्स...

1. TMC सांसद अभिषेक बनर्जी ने मुर्शिदाबाद में रोड शो किया।
2. CM ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दुर्गापुर में रोड शो किया।
3. कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण (29 अप्रैल) के चुनाव के लिए प्रचारकों की लिस्ट जारी की।
4. तमिलनाडु के रामनाथपुरम में चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस और सरकारी अधिकारियों ने डाक मतपत्र डाले।
5. पश्चिम बंगाल के कोलकाता में शुक्रवार को आयकर विभाग ने TMC विधायक देबाशीष कुमार के ठिकानों पर छापेमारी की।

### पीएम बोले- डीएमके की पॉलिसी है परिवार द्वारा, परिवार का और परिवार के लिए

मोदी ने कहा- पिछले पांच सालों में तमिलनाडु में दो चीजें रिकॉर्ड लेवल तक बढ़ी हैं। पहली है एक परिवार की दौलत और दूसरी है तमिलनाडु का कर्ज। DMK का टॉप परिवार और अमीर होता जा रहा है, जबकि तमिलनाडु के हर आदमी पर कर्ज और बढ़ता जा रहा है। मोदी बोले- DMK की पॉलिसी है 'परिवार द्वारा, परिवार का और परिवार के लिए।' CM, डिप्टी CM, दिल्ली के जाने-माने MP, फिल्म, मीडिया हाउस, और भी बहुत कुछ एक ही परिवार के कंट्रोल में हैं। यहां तक कि सीनियर नेताओं को भी परिवार के सबसे जूनियर सदस्य के सामने बेइज्जत किया जाता है।


> "मोदी ने कहा- मैं तमिलनाडु को भारत के विकास के एक जरूरी इंजन के तौर पर देखता हूं। पिछले 11 सालों में केंद्र ने तमिलनाडु को 14 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दिए हैं। यह टैक्स, हाईवे, एयरपोर्ट, रेलवे और वेलफेयर स्कीम के तौर पर आया है। यह उससे कहीं ज्यादा है जो तमिलनाडु को तब मिला जब दिल्ली में कांग्रेस और डीएमके में सत्ता में थी।"

# महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से 4 संदिग्ध गिरफ्तार

## पुलिस ने बताया- खिलौने में बम लगाकर हमले की तैयारी में थे

कार्यवाई

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से चार संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इनके पास से IED और उससे जुड़ा सामान बरामद हुआ है। आरोपियों में दो महाराष्ट्र और एक-एक ओडिशा और बिहार के हैं। इनकी पहचान मोसाइब अहमद, मोहम्मद हम्माद, मोहम्मद सोहेल और शेख इमरान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दो आरोपी एक रिमोट कंट्रोल खिलौना कार में IED फिट करने की तैयारी में थे। जांच में यह भी सामने आया कि शेख इमरान दिसंबर 2025 में दिल्ली गया था। उसने रेड फोर्ट और इंडिया गेट जैसे जगहों की रेकी की थी। एजेंसियों के अनुसार, इन लोगों ने राम मंदिर, संसद भवन और सैन्य ठिकानों जैसे बड़े टारगेट पर हमले की भी चर्चा की थी। पुलिस के अनुसार ये सभी आरोपी एक कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे और गजवा-ए-हिंद जैसे नैरेटिव को बढ़ावा दे रहे थे। आरोपी एन्क्रिप्टेड सोशल मीडिया ग्रुप्स पर एक्टिव थे। इन ग्रुप्स में जिहाद, हथियार और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़ा कंटेंट शेयर किया जाता था। इन्हीं प्लेटफॉर्म्स के जरिए नए लोगों को जोड़ने और प्रभावित करने की कोशिश की जा रही थी।

# साउथ अफ्रीका ने टीम इंडिया को 5 विकेट से हराया

## डरबन टी-20 में 159 का टारगेट 5 बॉल रहते चेज किया, सीरीज में 1-0 की बढ़त

नई दिल्ली, एजेंसी

साउथ अफ्रीका महिला टीम ने भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। डरबन में खेले गए मैच में मेजबान टीम ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 158 रन बनाए थे, जिसे साउथ अफ्रीका ने कप्तान लौरा वोल्वार्ट की 51 रनों की पारी के दम पर आसानी से हासिल कर लिया। यह साउथ अफ्रीका का टी-20 इंटरनेशनल में अब तक का पांचवां सबसे सफल रन चेज है। इसी के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अयाबोंगा खाका ने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए। अयाबोंगा खाका ने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की शुरुआत शानदार रही। ओपनिंग पर लौटीं कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने 39 गेंदों पर 51 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में ऑन-साइड पर शानदार खेल दिखाते हुए 35 रन बटोरे। वोल्वार्ट ने एनरी डेर्कसेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। डेर्कसेन ने 34 गेंदों पर नाबाद 44 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई। अंत में क्लो ट्रायोन ने विजयी छक्का लगाकर टीम को सीरीज में 1-0 से बढ़त दिलाई। भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने आते ही आक्रामक रुख अपनाया और 17 गेंदों पर 34 रन बनाए । उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। हालांकि, साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शॉर्ट बॉल पर फंसाने की रणनीति अपनाई। खाका की शॉर्ट बॉल पर वे एक बार बचीं, लेकिन अंत में तुमी सेखुखुने की शॉर्ट पिच गेंद पर कैच थमा बैठीं। वहीं स्मृति मंधाना सिर्फ 7 रन बनाकर खाका का शिकार बनीं।




साउथ अफ्रीका टीम की कप्तान लौरा वोल्वार्ट और भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर टॉस के दौरान।

### आखिरी 5 ओवर में भारत के 4 विकेट गिरे

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी। जेमिमा रोड्रिग्स और हरमनप्रीत कौर ने तीसरे विकेट के लिए 51 गेंदों पर 71 रनों की साझेदारी की। 15वें ओवर तक भारत का स्कोर 2 विकेट पर 119 रन था और लग रहा था कि टीम 180 के पार जाएगी। हालांकि, आखिरी 5 ओवरों में टीम इंडिया ने सिर्फ 33 रन जोड़े और 4 विकेट गंवा दिए, जिससे टीम 160 के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सकी।

### अयाबोंगा खाका ने 16 रन देकर लिए 3 विकेट लिए

साउथ अफ्रीका की जीत की नींव गेंदबाज अयाबोंगा खाका ने रखी। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट चटकाए। खाका इस साल फुल मेंबर देशों के खिलाड़ियों में टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी हुई हैं। उनके अलावा तुमी सेखुखुने ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।



अयाबोंगा खाका ने 4 ओवर के स्पैल में केवल 16 रन देकर 3 विकेट लिए।

### शेफाली वर्मा की तेज शुरुआत, शॉर्ट बॉल पर हुईं आउट

भारतीय ओपनर शेफाली वर्मा ने आते ही आक्रामक रुख अपनाया और 17 गेंदों पर 34 रन बनाए । उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की। हालांकि, साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों ने उन्हें शॉर्ट बॉल पर फंसाने की रणनीति अपनाई। खाका की शॉर्ट बॉल पर वे एक बार बचीं, लेकिन अंत में तुमी सेखुखुने की शॉर्ट पिच गेंद पर कैच थमा बैठीं। वहीं स्मृति मंधाना सिर्फ 7 रन बनाकर खाका का शिकार बनीं।

**भारतीय टीम की हार की एक बड़ी वजह खराब फील्डिंग और एक्स्ट्रा रन रहे। भारतीय बॉलर्स ने मैच में 14 वाइड गेंदें फेंकी, जो टी-20 में भारत का दूसरा सबसे खराब रिकॉर्ड है। स्लो ओवर रेट की वजह से आखिरी ओवर में भारत को सर्कल के अंदर एक एक्स्ट्रा फील्डर रखना पड़ा, जिसका फायदा उठाकर क्लो ट्रायोन ने छक्का मारकर मैच जिता दिया।**

# अमेरिका में लोकेश सत्यनाथन ने लॉन्ग जंप में गोल्ड जीता

## नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन डिवीजन-I खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय लॉन्ग जंपर लोकेश सत्यनाथन ने अमेरिका के अर्कांसस में आयोजित NCAA (नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन) डिवीजन-I चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। लोकेश ने 8.21 मीटर की छलांग लगाकर न केवल अपना पिछला इंडोर नेशनल रिकॉर्ड (8.01 मीटर) तोड़ा, बल्कि वे यह खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी भी बन गए हैं। टेक्सास के टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी में हेल्थ साइंस की पढ़ाई कर रहे लोकेश अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद को देतहैं। वे फिल्म 'K.G.F: चैप्टर 2' के उस दृश्य को याद करते हैं जिसमें नायक अपनी मां से कहता है,यही तुम्हारा सपना था और अब मैं इसे जीतकर दिखाऊंगा।' लोकेश के मुताबिक, अपनी मां के त्याग और उनके शब्दों को याद करने पर आज भी उनके रोंगटे खड़े हो जाते हैं। लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी।




साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें उनके चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं। चोटों, दर्द और करियर में आए उतार-चढ़ाव के बावजूद उन्होंने अपने इस शानदार जीत के साथ लोकेश सत्यनाथन अब भारत के ऑल टाइम लॉन्ग जंपर्स की लिस्ट में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उनसे आगे अब केवल जेस्विन एल्ड्रिन और मुरली श्रीशंकर जैसे स्थापित नाम ही हैं। लोकेश की यह कामयाबी आसान नहीं थी। साल 2022 में अमेरिका जाने से पहले बेंगलुरु में उनका एक भयानक एक्सीडेंट हुआ था।

## फास्ट न्यूज

### ऑस्कर देने वाली संस्था ने शाहरुख का वीडियो शेयर किया

मुंबई। ऑस्कर एकेडमी ने शुक्रवार को फिल्म ओम शांति ओम के मशहूर डायलॉग की क्लिप शेयर की, जिस पर रिएक्ट करते हुए एक्टर शाहरुख खान ने कहा कि उन्हें दुनिया का किंग होने जैसा महसूस हो रहा है। दरअसल, एकेडमी ने फिल्म के अवॉर्ड नाइट सीन का मोनोलॉग शेयर करते हुए लिखा, 'किस्मत के बारे में एक बात... यह कभी नहीं चूकती।'

### विराट कोहली के सपोर्ट में उतरीं अमीषा पटेल

नई दिल्ली। क्रिकेटर विराट कोहली, इंस्टाग्राम पर जर्मन मॉडल की तस्वीर लाइक कर चर्चा का विषय बन गए हैं। कुछ लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं, तो कुछ उनकी आलोचना कर रहे हैं। इसी बीच एक्ट्रेस अमीषा पटेल, क्रिकेटर के सपोर्ट में उतरी हैं। उनका कहना है कि ये किसी की भी तस्वीर लाइक करना कोई पाप नहीं है। हाल ही में मुंबई में स्पॉट हुईं अमीषा पटेल से विराट कोहली पर सवाल किया गया था। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, 'मैं समझ नहीं पा रही हूं। लाइक करना कोई पाप है क्या। उनका इंस्टाग्राम, उनकी मर्जी, लाइक करें। लोगों को बस ट्रोल करना ही आता है। उनके पास कोई काम धंधा ही नहीं है। अच्छी बात है किसी के अच्छे काम को लाइक करना। उनकी लाइफ, उनका इंस्टाग्राम, उनकी मर्जी। ट्रोल करना पाप है, किसी को लाइक करना नहीं।'

### गूगल ने भारत में 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट सस्पेंड किए

नई दिल्ली। टेक कंपनी गूगल ने 2025 में भारत में नियमों का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया या ब्लॉक किया है। इसी दौरान कंपनी ने अपने AI प्लेटफॉर्म जेमिनी की मदद से 17 लाख एडवरटाइजर अकाउंट्स भी सस्पेंड किए हैं। गुरुवार को जारी गूगल की 2025 एड्स सेफ्टी रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है।

# हेरा फेरी 3 फिलहाल नहीं बन रही है

## बोले- कुछ बातें ऐसी हैं, जो नहीं बता सकते

हेरा फेरी फ्रेंचाइजी में अक्षय ने राजू, परेश रावल ने बाबूराव और सुनील शेट्टी ने श्याम का रोल प्ले किया था।

मुंबई, एजेंसी

एक्टर अक्षय कुमार ने हाल ही में बताया कि फिल्म हेरा फेरी 3 फिलहाल नहीं बन रही है। यह बात अक्षय ने शुभांकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए कही। इंटरव्यू में अक्षय ने माना कि इस खबर से फैंस को झटका लगा है और उन्हें खुद भी उतना ही झटका लगा था। अक्षय ने बताया कि फिल्म में देरी की वजह सिर्फ कास्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि कई और समस्याएं हैं, जिनकी वजह से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पा रहा। एक्टर ने यह भी साफ किया कि तीनों कलाकारों के साथ आने में कोई दिक्कत नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि वेलकम टू द जंगल में वो, सुनील शेट्टी और परेश रावल एक साथ काम कर रहे हैं। अक्षय ने आगे कहा कि कुछ बातें ऐसी हैं, जिन्हें वो कैमरे पर नहीं बता सकते। उन्होंने समझौतों और दूसरे कारणों का जिक्र किया, जो इस फिल्म को पीछे धकेल रहे हैं। हालांकि, अक्षय ने उम्मीद जताई कि जब सही समय आएगा, तब हेरा फेरी 3 जरूर बनेगी। उन्होंने हल्के अंदाज में कहा कि उम्मीद है तब तक वे सभी बहुत बूढ़े नहीं हो जाएंगे। गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट को लेकर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें परेश रावल का फिल्म से अलग होना भी शामिल था। हालांकि बाद में वो फिल्म से जुड़ गए। पहली फिल्म, हेरा फेरी, जिसे प्रियदर्शन ने डायरेक्ट किया था।



### मुझे उनके लिए बुरा लगा, इतना बड़ा मुद्दा कैसे बन गया, समझ नहीं आया

# विराट कोहली के लाइक पर जर्मन मॉडल ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई, एजेंसी

जर्मन मॉडल लिजलाज की फोटो को कथित रूप से लाइक करने को लेकर विराट कोहली चर्चा में आ गए। शुक्रवार को लिजलाज ने इस पर रिएक्ट करते हुए बताया कि उन्हें इस बारे में खबरों से पता चला। संवाददाता से बात करते हुए लिजलाज ने कहा, 'मैं सुबह उठी तो देखा कि मैं खबरों में हूं। मुझे नहीं पता था कि विराट ने कब फोटो लाइक की। लोगों ने अलग-अलग प्लेटफॉर्म की खबरें मुझे भेजीं। मुझे बहुत सारे मैसेज मिले और लोग काफी उत्साहित थे।' उन्होंने बताया कि भारत यात्रा के दौरान उन्हें क्रिकेट के बारे में पता चला, जब वह पहली बार भारत आई थीं और यहां कई महीनों तक रहीं।




> बता दें कि लिजलाज की फोटो क्लिक करने वाले फोटोग्राफर अद्वैत वैद्य ने स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए दावा किया कि विराट के आधिकारिक अकाउंट से लिजलाज की एक पुरानी फोटो को लाइक किया गया।

लिजलाज के इंस्टाग्राम पर साढ़े 4 लाख से भी ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

### लिजलाज का दावा- वायरल होने के बाद बढ़े ऑफर्स

लिजलाज ने दावा किया कि इस घटना के बाद उन्हें काम के कई ऑफर्स मिले हैं, लेकिन वह फिलहाल सोच-समझकर फैसला लेना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वह म्यूजिक और व्लॉगिंग को लेकर सीरियस हैं और भारत में मौके मिलने पर फिर से आने पर विचार कर सकती हैं।



विराट कोहली ने अवनीत कौर के फैन पेज की इस पोस्ट को लाइक किया था।

# अमेरिकी सेना ने 12 साल बाद सीरिया छोड़ा

## जॉर्डन लौट रहे सैनिक, सरकार बोली- अब देश में एक ही प्रशासन चलेगा

दमिश्क, एजेंसी

करीब 12 साल की सैन्य मौजूदगी के बाद अमेरिका ने सीरिया से अपने सभी सैनिक निकाल लिए हैं और सैन्य ठिकाने खाली कर दिए हैं। अप्रैल 2026 में हसाका के कसराक एयरबेस से आखिरी अमेरिकी काफिला निकल गया। इसके बाद सीरियाई सरकार ने सभी बेस अपने कब्जे में ले लिए। सीरियाई विदेश मंत्रालय के मुताबिक, यह कदम देश को एकजुट करने और पूरे इलाके पर सरकार का नियंत्रण स्थापित करने की दिशा में बड़ा मोड़ है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने पुष्टि की कि करीब 2000 सैनिक जॉर्डन जा रहे है। अमेरिका ने हसाका, रुमैलान और देइर एज-जोर में मौजूद कम से कम सात बड़े ठिकाने खाली किए। आखिरी ठिकाना कसराक एयरबेस था। अब इस पर सीरियाई सेना का नियंत्रण है। सीरिया ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय एंटी-ISIL गठबंधन में शामिल होकर अपनी भूमिका बदली है। इससे अमेरिका के लिए सीरिया में सैन्य मौजूदगी का आधार कमजोर हुआ और अब वह क्षेत्र में अपनी रणनीति को नए सिरे से तय कर रहा है। SDF एक कुर्द-नेतृत्व वाला गठबंधन है, जिसे 2015 में बनाया गया था और इसमें कुर्द, अरब और दूसरे स्थानीय समूह शामिल हैं। सीरिया के गृहयुद्ध के दौरान जब सरकार कमजोर हुई, तब कुर्द लड़ाकों ने उत्तर-पूर्वी इलाकों पर कब्जा कर लिया। बाद में यही SDF के रूप में मजबूत ताकत बन गया। इससे पहले जनवरी 2025 में दमिश्क और SDF के बीच समझौता हुआ था। इसके तहत कुर्द लड़ाकों को सीरियाई सेना में शामिल किया जा रहा है। सीमा चौकियों और सरकारी संस्थानों का नियंत्रण दमिश्क को सौंपा जाएगा। तुर्किये का दबाव भी एक बड़ा फैक्टर रहा, क्योंकि तुर्किये SDF को आतंकवादी संगठन मानता है।। अमेरिका की मौजूदगी में तुर्किये खुलकर कार्रवाई नहीं कर पा रहा था। उसके हटते ही SDF को संभावित हमले का खतरा बढ़ गया। इसी दबाव और बदलते हालात ने SDF को सरकार के साथ समझौते की राह पर ला दिया अमेरिका के जाने के बाद सीरिया में सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी सरकार पर है।



### सीरियाई सरकार और एसडीएफ के बीच समझौता

इस बीच, सीरिया सरकार और SDF के बीच हुए समझौते के बाद कुर्द लड़ाकों को राष्ट्रीय सेना में शामिल किया जा रहा है। हसाका और क़ामिशली जैसे शहरों में सरकारी बल तैनात हो चुके हैं और सीमाई इलाकों पर भी दमिश्क का नियंत्रण बढ़ा है। इसी साल दोनों पक्षों के बीच झड़पें भी हुई थीं, जिसके बाद मार्च में एक नया समझौता





### अमेरिका की वापसी से एसडीएफ पर असर

अमेरिका के हटने के बाद सबसे बड़ा असर सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्सेस (SDF) पर पड़ा है। पिछले एक दशक में उत्तर-पूर्वी सीरिया के बड़े हिस्से पर इसी संगठन का नियंत्रण रहा था। यह पूरी तरह अमेरिकी समर्थन पर टिका हुआ था। हालांकि SDF और सीरियाई सरकार के बीच रिश्ते बेहतर हो रहे हैं। सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने दमिश्क में SDF के कमांडर मजलूम अब्दी और राजनीतिक प्रमुख इलहम अहमद से मुलाकात की है। विदेश मंत्री असाद हसन अल-शैबानी भी मौजूद थे। यह बैठक SDF को राष्ट्रीय ढांचे में शामिल करने की प्रक्रिया का हिस्सा थी।

# भारत बना दुनिया का भरोसेमंद निवेश ठिकाना

## सेबी प्रमुख का दावा- वैश्विक अनिश्चितताओं में भी पूंजी बाजार मजबूत

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पूंजी बाजार को स्थिर तथा भरोसेमंद निवेश के रूप में देखा जा रहा है। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान सेबी प्रमुख तुहिन कांत पांडे ने कहा कि भारत अब वैश्विक स्तर पर एक स्थिर पूंजी केंद्र के रूप में उभर रहा है। देश का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 4.4 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है। तकनीक, स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश के अवसरों ने इस धारणा को और मजबूत किया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान भारत ने इक्विटी और ऋण बाजारों के जरिए कुल 154 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। वर्ष 2025 में भारत प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर, जबकि जुटाई गई पूंजी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा।



आरबीआई के मुताबिक, 2025-26 में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहने का अनुमान है, जो बाजार की मजबूती को और पुख्ता करता है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की परिसंपत्तियां करीब 780 अरब डॉलर तक पहुंच गई हैं। कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार का आकार भी बढ़कर करीब 650 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। वर्ष 2025 में भारत प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की संख्या के मामले में दुनिया में पहले स्थान पर, जबकि जुटाई गई पूंजी के मामले में तीसरे स्थान पर रहा।

# होर्मुज रूट खुलने के बाद कच्चा तेल 13% सस्ता

## एक बैरल का दाम 99.39 से घटकर 86 डॉलर हुआ, अमेरिकी शेयर बाजार 2% चढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

ईरान के होर्मुज रूट को कॉमर्शियल जहाजों के लिए पूरी तरह खोलने के ऐलान के बाद क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) 13% सस्ता हुआ है। शुक्रवार, 17 अप्रैल को दाम करीब 13 डॉलर गिरकर 86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। एक दिन पहले क्रूड ऑयल की कीमत 99.39 डॉलर प्रति बैरल थी। 28 फरवरी को जंग शुरू होने से पहले कच्चा तेल 73 डॉलर प्रति बैरल था। जंग के दौरान 9 मार्च को दाम बढ़कर 120 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गए थे। तब से पेट्रोल-डीजल के रेट बढ़ने की आशंका जताई जा रही थी। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, तेल सस्ता होने से अब यह आशंकाएं भी खत्म हो गई हैं। कच्चे तेल की कीमत गिरने से ग्लोबल मार्केट में भी बड़ी हलचल देखने को मिल रही है। अमेरिका का डाउ जोन्स करीब 1,000 अंक की तेजी के साथ 49,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। S&P 500 में 1.12% और नैस्डैक इंडेक्स में 1.04% की बढ़त देखने को मिल रही है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर जानकारी दी कि इजराइल और लेबनान के बीच युद्धविराम के मद्देनजर होर्मुज रूट को सभी व्यापारिक जहाजों के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। मिडिल ईस्ट में तनाव कम होने की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर लिखा- 'ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर कभी बंद न करने पर सहमति जताई है। अब इसका इस्तेमाल दुनिया के खिलाफ एक हथियार के तौर पर नहीं किया जाएगा।'




### जियो का आईपीओ मई में आने की उम्मीद

मुंबई। रिलायंस जियो IPO के लिए ड्राफ्ट पेपर्स मई में फाइल कर सकती है। पहले रिलायंस का लक्ष्य मार्च के अंत तक पेपर्स फाइल करने का था। हालांकि, ईरान युद्ध के कारण बाजार में आई गिरावट की वजह से इस टाइमलाइन को आगे बढ़ा दिया गया। यह देश का सबसे बड़ा IPO हो सकता है। इन्वेस्टमेंट बैंक जेफरीज ने पिछले साल नवंबर में जियो की वैल्यूएशन करीब 180 बिलियन डॉलर यानी करीब 16 लाख करोड़ रुपए आंकी थी। हालांकि, अब कुछ बैंकर्स इसकी वैल्यूएशन 240 बिलियन डॉलर यानी करीब 22 लाख करोड़ रुपए तक बता रहे हैं। इस वैल्यूएशन के हिसाब से 2.5% हिस्सा बेचने पर भी जियो हुंडई मोटर इंडिया के 27,000 करोड़ के आईपीओ को पीछे छोड़ देगी। पिछले 6 सालों में रिलायंस जियो ने केकेआर (KKR), सिल्वर लेक और गूगल जैसे बड़े ग्लोबल इन्वेस्टर्स से फंड जुटाया है। माना जा रहा है कि इस आईपीओ के जरिए कई विदेशी निवेशक अपनी हिस्सेदारी बेचकर मुनाफा कमा सकते हैं और बाहर निकल सकते हैं।

## तेजी : सोना 1,328 बढ़कर 1.52 लाख प्रति 10 ग्राम हुआ, चांदी 10 हजार महंगी हुई

# इस हफ्ते सोने-चांदी में बढ़त रही

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में इस सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की गई है, जिससे बाजार में हलचल तेज हो गई है। निवेशकों के बीच जहां एक ओर उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं आम ग्राहकों के लिए यह बढ़ती कीमतें चिंता का कारण बन रही हैं। इस हफ्ते सोने की कीमत में 1,328 रुपए प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही सोना 1.52 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। इससे पहले 10 अप्रैल को इसकी कीमत 1.50 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक बाजार में अनिश्चितता, डॉलर की स्थिति और निवेशकों का सुरक्षित विकल्प की ओर झुकाव सोने की कीमतों को ऊपर ले जा रहा है। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई है। चांदी की कीमत 2.40 लाख रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2.50 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। इस दौरान चांदी में 10,006 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2026 की शुरुआत से ही सोने और चांदी की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2025 को सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो अब 1.52 लाख रुपए तक पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए प्रति किलो से बढ़कर 2.50 लाख रुपए प्रति किलो हो गई है। बाजार के जानकारों के मुताबिक, इस समय सोने-चांदी में निवेश करने से पहले सतर्कता बरतना जरूरी है। कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव को देखते हुए लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह अवसर हो सकता है, लेकिन शॉर्ट टर्म में जोखिम भी बना हुआ है।



### ज्वेलर्स से सोना खरीदते समय इन 2 बातों का रखें ध्यान

1. **सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें:** हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है- AZ4524। हॉलमार्किंग से पता चलता है कि सोना कितने कैरेट का है।
2. **कीमत क्रॉस चेक करें:** सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## स्कूलों की टाइमिंग बदली, चलती बाइक में आग लगी, हाथी को बार-बार नहलाया जा रहा

# यूपी में सीजन का सबसे गर्म दिन, पारा 45.4 डिग्री सेल्सियस



*लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया- प्रदेश के दक्षिणी भाग में अधिकतम तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस के पार करने के साथ शुष्क पछुआ हवाएं जारी रहने से लू जैसे हालात बनेंगे। महाराष्ट्र के आसपास बने प्रतिचक्रवात (एंटी-साइक्लोन) के असर से आगामी 2-3 दिनों के दौरान तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। पूर्वी यूपी में कहीं-कहीं लू चलने की संभावना है।*

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 45C के पार पहुंच गया। शनिवार सुबह से ज्यादातर जिलों में तेज धूप है। गर्म हवाएं चल रही हैं। शुक्रवार को बांदा का तापमान 45.4C रिकॉर्ड किया गया। यह पूरे देश में सबसे ज्यादा था। पिछले साल अप्रैल के आखिरी हफ्ते यानी 27 अप्रैल को पारा 45C के पार पहुंचा था। यानी, इस बार 10 दिन पहले से ही गर्मी सख्त तेवर



दिखाने लगी है। इसके अलावा, झांसी समेत 17 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री या इसके पार दर्ज किया गया।

### 3 दिन लू का अलर्ट

- 19 अप्रैल: बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज और आस-पास के इलाके।
- 20 अप्रैल: बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर और आस-पास के इलाके।
- 21 अप्रैल: बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, जौनपुर और आस-पास के इलाके।

### कब मानी जाती है हीटवेव?

मौसम विभाग के मुताबिक, हीटवेव तब मानी जाती है, जब मैदानों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा पहुंच जाए या फिर सामान्य तापमान से 4 से 6 डिग्री ज्यादा दर्ज किया जाए। ऐसी स्थिति में लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है।



वाराणसी और प्रयागराज में गर्मी के चलते 8वीं तक के स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है।

# लखनऊ में असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के दौरान लगी आग

## अभ्यर्थियों और स्टाफ को बाहर निकाला, प्रिंसिपल का कमरा जला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। राजधानी के गोमतीनगर क्षेत्र में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के दौरान कॉलेज परिसर में अचानक आग लग गई। घटना विनयखंड स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (GGIC) की है, जहां परीक्षा दे रहे अभ्यर्थियों और स्टाफ में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार, परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित थी और अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में बैठे हुए थे। इसी दौरान प्रिंसिपल ऑफिस में लगे एसी में शॉर्ट सर्किट हो गया, जिससे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते एक कमरे से धुआं उठने लगा और आग ने तेजी से फैलते हुए विकराल रूप ले लिया। स्थिति की



गंभीरता को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की।

परीक्षा केंद्र पर मौजूद सभी अभ्यर्थियों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रशासन की सतर्कता के चलते किसी भी तरह की भगदड़ या जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। आग की वजह से प्रिंसिपल कार्यालय को काफी नुकसान पहुंचा है। कमरे में रखे फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। स्थिति सामान्य होने के बाद प्रशासन ने परीक्षा को दोबारा शुरू कराया, ताकि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## फास्ट न्यूज

### गैस के लिए लाइन में खड़े लोग

कानपुर। कानपुर में रसोई गैस की कमी से लोग परेशान हो रहे हैं। शहर के कई इलाकों में गैस सिलेंडर के लिए लोगों को लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है। तेज धूप में घंटों इंतजार करने के बावजूद कई लोगों को गैस नहीं मिल पा रही है। प्रशासन की ओर से होम डिलीवरी का दावा किया जा रहा है, लेकिन लोगों का कहना है कि जमीनी स्तर पर व्यवस्था ठीक नहीं है।

### इंस्पेक्टर ने 8 मिनट में 100 गालियां दीं

कौशांबी। कौशांबी में तैनात इंस्पेक्टर ने कवरेज कर रहे एक पत्रकार को 8 मिनट में 100 से ज्यादा गालियां दीं। उसने धमकाया- 'राइफल से गोली मार दूंगा। तुम्हारे मुंह पर यूरिन कर दूंगा। एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा लिखकर अंदर कर दूंगा।' इस्पेक्टर के आदेश पर चौकी इंचार्ज, पत्रकार को जबरिया थाने उठाकर ले गया। पीड़ित के अनुसार, थाने में उसके साथ मारपीट की गई।

थाने में बुधवार देर रात से शुक्रवार दोपहर तक बैठाकर रखा गया। मामला सराय अकिल थानाक्षेत्र के कनैली चौकी का है। आरोपी गालीबाज इंस्पेक्टर का नाम वीर प्रताप सिंह है। उसका एक ऑडियो भी सामने आया है। पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने जब एसपी से शिकायत की, तब जाकर पत्रकार को थाने से छोड़ा गया।

### कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे का फर्जी अधिकारी अरेस्ट

कानपुर। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर रेलवे विजिलेंस टीम ने शुक्रवार रात फर्जी रेलवे अधिकारी को पकड़ा। आरोपी संजय कुमार शिव गंगा एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा था। वह खुद को रेलवे का अधिकारी बताकर यात्रा कर रहा था। ट्रेन में कई यात्रियों को उसने हटकाया। इसी बीच किसी ने इसकी शिकायत कर दी। सूचना पर विजिलेंस विभाग की टीम अलर्ट हो गई।

# राहुल-स्टालिन की तस्वीर को सड़कों पर कुचला

## लखनऊ में हिंदूवादी नेताओं का प्रदर्शन, बोले-प्रियंका क्यों नहीं लड़ रहीं?

- विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर लेकर नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाए।
- विश्व हिंदू रक्षा परिषद महिला आरक्षण बिल पास न होने के लेकर विरोध प्रदर्शन कर रही है।

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास न होने पर विरोध जताया और प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एमके स्टालिन समेत अन्य विपक्षी नेताओं की तस्वीर को पैरों से रौंदा। प्रदर्शनकारियों ने महिला विरोधी सोच वाली कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की। इस दौरान पुलिस और




प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर धक्का-मुक्की और नोकझोंक हुई। स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर हालात को नियंत्रित किया गया। विपक्ष इसमें बोलने वाला कौन होता है। महिलाओं को मिलने वाले 33% आरक्षण बिल को पास क्यों नहीं होने दिया। विपक्ष हमें इसका जवाब दे। विपक्ष का काम है हर चीज को नीचे गिराना। हम लोगों में इतनी खुशी की लहर थी। कल भी हमने यहां पर हवन किया था। मिठाई बांटने की तैयारी कर रहे थे मगर अब सब मायूसी में बदल गया। 33% आरक्षण से महिलाएं आगे बढ़ती हर क्षेत्र में वह तरक्की करती। प्रदर्शन कर रही एक महिला को जब पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोका तो वह भड़क गई। नाराज महिला ने कहा, क्या हम लोग आतंकवादी हैं, जो हमें कहीं जाने नहीं दिया जा रहा है? हमें शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना है और सपा व कांग्रेस से उनके कार्यालय जाकर सवाल पूछने हैं। प्रियंका गांधी कहती हैं, 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं', तो आज लड़कियों के लिए क्यों नहीं लड़ रही हैं? क्यों पीछे हट रही हैं?'

### 'सपा और कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया'

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि सपा और कांग्रेस का महिला विरोधी चेहरा उजागर हो गया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल को सदन में गिराकर कांग्रेस सपा और विपक्षी दलों ने महिलाओं के अधिकार को उनसे वंचित करने की कोशिश की। विश्व हिंदू रक्षा परिषद इसका कड़ा विरोध करती है । हम लोग अपने कार्यालय से निकलकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का दफ्तर जा रहे थे। लेकिन हमें पहले ही रोक लिया गया।




सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी नहीं चाहतीं कि महिलाएं उनके बराबर आएं, इसलिए महिला आरक्षण का विरोध किया जा रहा है। हम रुकने वाले नहीं हैं, इन पार्टियों का घेराव आज नहीं तो कल जरूर करेंगे।"


> प्रदर्शन कर रही सोफी शर्मा ने कहा कि- विपक्ष इस बिल का विरोध क्यों कर रहा है। हमें इसका कारण समझ में नहीं आ रहा है। जो महिला सशक्तिकरण . इक्वलिटी, सपोर्ट समर्थन और सम्मान की बात करते थे यह सब कहां गया हमें बताएं।

# दिल्ली का मौसम बिगड़ा, 4 उड़ानें लखनऊ डायवर्ट

## पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट भी आधे रास्ते से लौटी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। दिल्ली में शुक्रवार रात अचानक मौसम खराब होने की वजह से लखनऊ एयरपोर्ट के लिए कई उड़ानें डायवर्ट कर दी गईं। इस दौरान लखनऊ से पुणे जा रही इंडिगो की एक उड़ान को भी आधे रास्ते से वापस लौटना पड़ा। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में विजिबिलिटी कम होने से फ्लाइट्स के संचालन में बाधा आई। हॉन्गकॉन्ग से दिल्ली जा रही फ्लाइट (RH-9457) रात 11:38 बजे लखनऊ में उतरी। करीब चार घंटे बाद मौसम सामान्य होने पर उसे दिल्ली रवाना किया गया। वहीं, वडोदरा से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट AI-2882 को भी रात 11:30 बजे लखनऊ डायवर्ट किया गया। इस फ्लाइट में 138 यात्री और 7 क्रू मेंबर सवार थे। यह फ्लाइट रात 12:43 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई। मुंबई से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट



AI-2408 रात 11:39 बजे लखनऊ में उतरी। इसमें 164 यात्री और 4 क्रू मेंबर थे। इसे शनिवार सुबह 2:00 बजे दिल्ली भेजा गया। कोलकाता से दिल्ली जा रही आकाशा एयर की फ्लाइट क्यूपी-1804 भी रात 11:45 बजे लखनऊ डायवर्ट हुई और सुबह 1:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई। इसके अलावा, लखनऊ से रात 9:35 बजे पुणे के लिए उड़ान भरने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6E-118 को पुणे में रनवे ब्लॉक होने के कारण आधे रास्ते से ही लखनऊ लौटना पड़ा।

# कार की टक्कर से बीडीसी सदस्य की मौत

## लोगों ने ड्राइवर को दौड़ाकर पकड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

दुबग्गा। लखनऊ में कार की टक्कर से एक BDC सदस्य की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मारी। जिससे वह खून से लथपथ होकर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने कार ड्राइवर को दौड़ाकर पकड़ लिया और बीडीसी सदस्य को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। वहां उसने दम तोड़ दिया। घटना काकोरी थाना क्षेत्र के बेहटा में शनिवार को हुई। मृतक की पहचान बेहटा के नौमीलाल यादव के बेटे आशीष यादव (35) के रूप हुई। वह अपने दोस्त मनीष रावत के साथ गांव से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान गांव से निकलते ही यह दुर्घटना हो गई। इसमें आशीष को गंभीर चोटें आईं और उनका दोस्त मामूल चोटिल हुआ। हादसे के तुरंत बाद, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की। उन्होंने कार ड्राइवर बृजेश पटेल (पुत्र



ओमकार नाथ पटेल, निवासी मवई पंडियाना) को पकड़ लिया और पुलिस को घटना की सूचना दी। गंभीर रूप से घायल आशीष यादव को तत्काल सरोजिनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) पहुंचाया गया था। डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक आशीष यादव की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। उनकी दो बेटियां और एक बेटा है। आशीष एक प्राइवेट स्कूल में वैन चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे।

### कलंकित करने वाली रात : अपर्णा यादव

लखनऊ। लखनऊ में भाजपा नेता और यूपी महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने शुक्रवार देर रात विधानसभा के सामने प्रदर्शन किया। लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा बिल गिरने को लेकर आयोग के पदाधिकारियों और समर्थकों के साथ बीच सड़क पर सपा और कांग्रेस का झंडा जलाया, नारेबाजी की। अपर्णा ने कहा- सुबह हम लोग जश्न मनाने वाले थे। लेकिन, आज की रात काली साबित हुई। ये लोग दुर्योधन और दुःशासन जैसे हैं। इसलिए इनका झंडा जला रहे हैं। यह विरोध हम लोग इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि नारी शक्ति अधिनियम का बिल पास नहीं हुआ। अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा। उन्होंने कहा- विपक्ष ने कहा है कि यह बिल दिखावटी है तो हम उन्हें जवाब देते हैं कि उन सभी लोगों का चेहरा भी दिखावटी है। सारे विपक्षी यही काम करते आए हैं। वो कभी नहीं चाहते कि आम घर की बेटी और बहू निकलकर आए और सदन तक पहुंचे। वह सिर्फ अपने परिवार को प्रमोट करना चाहते हैं। नारी शक्ति इन लोगों को कभी माफ नहीं करेगी।

**हिंसा : वाराणसी के नहिया गांव में पत्थरबाजी में एएसपी-दरोगा घायल, 60 पर एफआईआर, गांव में सन्नाटा**

# भगवा हटाकर नीला झंडा लगाने पर बढ़ा बवाल

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। वाराणसी के नेहिया गांव में भगवा और नीले झंडे लगाने के विवाद में जमकर बवाल हुआ। शुक्रवार को बवाल ने हिंसक रूप ले लिया। पत्थरबाजी में ACP विदुष सक्सेना, इंस्पेक्टर, दरोगा समेत 7 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने लाठी पटककर उपद्रवियों को खदेड़ा। गोसाईपुर चौकी इंचार्ज विपिन पांडेय की तहरीर पर 11 नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ FIR दर्ज कराई है। अब आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। शनिवार सुबह भी पीएसी के साथ 5 थानों की पुलिस फोर्स तैनात है। नहिया की दलित बस्तियों में बूटों की धमक गूंज रही है। गांव में सन्नाटा पसरा है। गिरफ्तारी के डर से नहिया गांव में दलित बस्ती के ज्यादातर युवक घर छोड़कर भाग गए हैं। पुलिस ने गांव के गेट पर सीसीटीवी लगवा दिया है। जबकि 6 से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वाराणसी मुख्यालय से 30km दूर



बाबतपुर-चौबेपुर मार्ग पर नहिया गांव में प्रवेश करने के लिए गेट बनाया गया है। प्रवेश द्वार पर 'बाबा बटुक भैरव धाम' लिखा हुआ है। वहीं गांव में हाईवे से करीब आधा किलोमीटर दूरी पर संत रविदास मंदिर है। जबकि हाईवे से करीब करीब 800 मीटर दूरी पर बाबा बटुक भैरव का मंदिर है। हिंदू संगठनों का दावा है कि गांव के प्रवेश गेट पर जब से निर्माण हुआ है तब से रामनवमी पर भगवा झंडा लगाया जाता रहा है। इस साल भी झंडा लगा था लेकिन 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के जुलूस के दौरान किसी ने उसे हटाकर वहां डॉ. भीमराव अंबेडकर का झंडा लगा दिया। आरोप है कि 15 अप्रैल को इसकी सूचना मिलने के बाद शाम या रात के समय हिंदू धर्म संगठन के लोगों ने उस झंडे को तोड़कर हटा दिया। अगले दिन यानी 16 अप्रैल को इस मामले की जानकारी मिलने के बाद काफी संख्या में दलित समुदाय के लोग पहुंच गए।

> गांव के लोगों का कहना है कि यह झगड़ा असल में गांव वालों का था ही नहीं। इसे बाहरी लोगों और सोशल मीडिया की पोस्ट ने बड़ा बना दिया। हिंदू संगठनों और कुछ पार्टी विशेष से जुड़े लोगों ने इंटरनेट पर वीडियो डालकर भीड़ जुटाना शुरू कर दिया। इसी के चलते शुक्रवार को काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए।



### 11 नामजद सहित 60 पर मुकदमा दर्ज

औरा गांव निवासी अजीत कुमार, सिंधौरा निवासी प्रदीप कुमार, भोपापुर निवासी राजकुमार, हनुमान, नेहिया निवासी निखिलकुमार , साजन, राजन, संजीत, सूखा, सगीना और अमरजीत शामिल हैं। वहीं 50 अज्ञात महिला एवं पुरुष के ऊपर हत्या का प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा और दंगा करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### होर्मुज से गुजर...

अमेरिका ने रिजर्व से 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालाः अमेरिका ने अपने इमरजेंसी ऑयल स्टोरेज से करीब 2.6 करोड़ बैरल तेल निकालकर 9 कंपनियों को दिया है। अमेरिकी नाकेबंदी जारीः ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ समझौते में कोई अड़चन नहीं बची है, हालांकि डील पूरी होने तक नौसैनिक नाकेबंदी जारी रहेगी। बार्सिलोना में आयोजित प्रोग्रेसिव लीडर्स समिट में बोलते हुए लूला ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों से मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष को रोकने के लिए अपना रुख बदलने की अपील की। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर परोक्ष निशाना साधते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर धमकी भरे संदेश देना वैश्विक शांति के लिए ठीक नहीं है। लूला ने कहा, "हम हर सुबह उठकर और हर रात सोने से पहले किसी राष्ट्रपति के ट्वीट से दुनिया को धमकाते हुए नहीं देख सकते।" लेबनान में संयुक्त राष्ट्र के शांति मिशन पर तैनात फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमले में एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इस हमले के पीछे हिजबुल्लाह का हाथ होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सभी संकेत इसी ओर इशारा करते हैं और लेबनानी अधिकारियों से हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की अपील की है। दूसरी ओर, लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने इस हमले की कड़ी निंदा की है और UN शांति बल के फ्रांसीसी दल पर हुए हमले की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। इजराइल ने सीजफायर के बावजूद लेबनान में हमले जारी रखने की बात स्वीकार की है। इजराइली सेना ने कहा है कि उसके बलों ने दक्षिणी लेबनान में कई जगहों पर आर्टिलरी और एयर स्ट्राइक किए हैं। सेना के मुताबिक, यह कार्रवाई उन लड़ाकों के जवाब में की गई, जो उन इलाकों के करीब आ रहे थे जहां इजराइली सैनिक तैनात हैं। इजराइल ने इसे "तत्काल खतरा" बताते हुए कहा कि आत्मरक्षा में उठाए गए ऐसे कदम सीजफायर के दायरे में नहीं आते।

### राहुल पर...

उन्होंने राहुल गांधी पर ब्रिटिश नागरिकता का आरोप लगाते हुए विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम आदि में केस दर्ज होने की मांग की है। कोर्ट का फैसला आने के बाद विग्नेश ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का फैसला वापस लेने की शिकायत हम CJI से करेंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा था- FIR दर्ज करके मामले को CBI को ट्रांसफर किया जाए। हालांकि, इससे पहले 28 जनवरी, 2026 को MP-MLA कोर्ट ने विग्नेश शिशिर की याचिका को खारिज कर दिया था। सुनवाई के दौरान जज सुभाष विद्यार्थी ने गृह मंत्रालय के फॉरेनर्स डिवीजन को निर्देश दिए थे कि मामले से संबंधित सभी जरूरी दस्तावेज पेश करें। मंत्रालय ने केस से जुड़ी सभी फाइलें हाईकोर्ट में पेश की थीं। विग्नेश शिशिर का दावा है कि उन्होंने कोर्ट में दस्तावेज और साक्ष्य पेश किए। इनसे संकेत मिलता है कि राहुल गांधी यूनाइटेड किंगडम में मतदाता रहे हैं। वहां चुनावों में भागीदारी से जुड़े रिकॉर्ड मौजूद हैं।

### केंद्रीय कर्मियों...

इसलिए महंगाई भत्ता/महंगाई राहत का बकाया दिया जाना संभव नहीं है। वित्त राज्य मंत्री ने कहा था कि मौजूदा समय में इन भत्तों का 'एरियर' जारी नहीं किया जा सकता। कोरोनाकाल में केंद्र सरकार ने 18 माह का डीए/डीआर रोककर 34,402 करोड़ रुपये बचा लिए थे। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया था कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ता (डीए)/महंगाई राहत (डीआर) की दिनांक 01.01.2020, 01.07.2020 और 01.01.2021 से देय तीन किस्तों को फ्रीज करने का निर्णय कोविड-19 के दौरान लिया गया था। इसका कारण आर्थिक व्यवधान था। उसे ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया था। तब इसका मकसद, सरकारी वित्त पर दबाव को कम करना था।

### ममता दीदी...

उन्होंने कहा कि बंगाल की धरती मां काली, मां दुर्गा और मां सिद्धेश्वरी की धरती है। हमें इसी रूप में इसे स्थापित करना है। सीएम योगी ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि बंगाल की शान को वापस लाने के लिए डबल इंजन सरकार लाइए। डबल इंजन की सरकार क्या कर सकती है, यह आप यूपी में देख सकते हैं। यूपी में 2017 के पहले रामभक्तों पर गोली चलती थी। डंडे चलते थे और अब दुनिया का सबसे बड़ा राम मंदिर अयोध्या में बनाकर के तैयार हो गया है।

### विपक्ष ने महिला...

उन्हें सत्ता से हटाना होगा, वरना हम बंगाल खो देंगे। बंगाल के उलुबेरिया में चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि BJP का पतन कल से शुरू हो गया है। हम पहले से महिला आरक्षण की वकालत करते आ रहे हैं। यह महिलाओं के आरक्षण का बिल नहीं था, बल्कि इसका संबंध परिसीमन से था। राहुल गांधी ने तमिलनाडु के पोन्नेरी में कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता और BJP पर आरोप लगाया कि वह इसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है, जिसे रोका जाएगा। जब भी मैं तमिलनाडु के लोगों से मिलता हूं, तो वे मुझे बताते हैं।

# यूपी में जज को मिली जान से मारने की धमकी

## चिट्ठी में लिखा- हमारी कौम के लोगों को सजा सुनाई

**तमसा संकेत, एजेंसी**

झांसी। झांसी में जज आदित्य चतुर्वेदी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पत्र, डाक के जरिए भेजा गया। इसमें लिखा है- जिला कोर्ट लखनऊ में आदित्य चतुर्वेदी ने कई मुकदमों में हमारी कौम के बेगुनाह लोगों को सजा सुनाकर घर तबाह कर दिए। हम सभी लोग कई दिनों से उनकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। बस मौके की तलाश हैं। 30 अप्रैल तक इनको कोर्ट परिसर में बम से उड़ा देंगे। जज अदित्य चतुर्वेदी, झांसी में एससी-एसटी एक्ट कोर्ट के विशेष न्यायाधीश है। उन्हें 16 अप्रैल को धमकी भरा पत्र मिला था। भेजने वाले का नाम मोहम्मद सलीम मंसूरी लिखा था। 17 अप्रैल को जिला कोर्ट के अधिकारी ने एसपी सिटी को पत्र लिखकर जानकारी दी। पुलिस ने कोर्ट, जज और उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस ने 17 अप्रैल की रात को मामला दर्ज कर जांच शुरू की।




आदित्य चतुर्वेदी, जज

> सहायक पुलिस अधीक्षक अरीबा नोमान ने बताया- किसी ने डाक भेजकर जज को डराने व धमकाने की कोशिश की है। यह डाक न्यायालय परिसर स्थित डाकघर से प्राप्त हुई है। प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि किसी शरारती तत्व ने ये काम किया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676